





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता





वर्ष : 9 • अंक 121 • जुलाई- 2015 • • मूल्य : 15/-




गुरूब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुरेव परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः

## यह है हमारे समाज के युवा जिन्होंने समाज के साथ देश को किया गौरवान्वित



अबोली नवहणे ( माली )
( आई.ए.एस. )
यूपीएससी परीक्षा
में महाराष्ट्र में प्रथम





रणवीर सैनी
स्पेशियल ओलपिंक लांस एजिंल्सि ओलपिंक में स्वर्ण पदक विजेता




मोहित सैनी
9 वर्षीय
विशू स्टेट चैम्पियन

**माली सैनी संदेश परिवार द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

## हार्दिक अभिनन्दन

# श्री अतुल सोलंकी

### के आर.ए.एस. बनने पर जालोर में आयोजित सम्मान समारोह






RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 9 ● अंक 121 ● 31 जुलाई, 2015 ● मूल्य : 15/- प्रति


सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

प्रेस फोटोग्राफर
जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज
रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर
इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा

# महात्मा फूले को भारत रत्न दिलाने के लिए उठाउंगा संसद में आवाज : कटारिया



- आर.ए.एस. परसराम माली ने किया समाज को गौरवान्वित
- समाज के मनोहर सिंह सांखला ने जीता एक और स्वर्ण
- 9वर्षीय मोहित सैनी ने स्टेट वशु में जीता गोल्ड
- गोल्फर रणवीर सैनी ने रचा इतिहास, पहली बार में ही जीता स्वर्ण
- सांसद सैनी ने किया ओबीसी ब्रिगेड बनाने का ऐलान
- आतंकवादी हमले में शहीद हुए बलजीत सिंह सैनी
- महात्मा फूले नारी शिक्षा का कार्य किया मैं भी उनका अनुसरण कर रहा हूँ- मुख्यमंत्री
- माली समाज भवन में यज्ञ का आयोजन, प्रमुख मार्गो से निकाली गई शोभायात्रा
- सैनी समाज की ओर से स्व. बजरंग लाल गौड़ की प्रथम तिथि व प्रतिभा सम्मान आयोजित
- संगठित, शिक्षित व संस्कारित बनाएं समाज : डॉ. पवन सैनी
- विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय का आई.सी.यू. वार्ड होगा जोधपुर में स्थापित
- प्रदेश के विभिन्न अंचलों में सम्मान समारोह का होगा आयोजन
- माँ भुवनेश्वरी मंदिर ट्रस्ट ने भौगीशैली परिक्रमा के भक्तों की सेवा
- देश भर में हर्षोल्लास से मनाई गुरू पूर्णिमा, संत शिरोमणी लिखमीदास जी को किया स्मरण
- बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक-राजेन्द्र गहलोत
- नगर पालिका रतनगढ़ में टाऊन हॉल ओडिटोरियम भवन का लोकार्पण
- डॉ. जी. एल वर्मा बने सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रदेश अध्यक्ष
- माली समाज शिवगंज द्वारा आयोजनों पर फिजूल खर्च नही करने का लिया फैसला
- स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर संपन्न
- धर्मसिंह सैनी लोक लेखा समिति के तीसरी बार चेयरमैन बने
- शिक्षा पर जोर दे सैनी समाज : नायबसिंह
- स्व संतरा देवी की स्मृति में चिकित्सा शिविर का अयोजन
- दिल्ली सैनी सभा की आमसभा संपन्न
- सैनी योग डॉट कॉम की गिफ्ट वॉउचर की अनोखी योजना
- संक्षिप्त समाचार

# सम्पादक की कलम से ...

राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी सूर्यनगरी जोधपुर से प्रकाशित हिन्दी मासिक समाचार पत्रिका माली सैनी संदेश ने समाज की सेवा के 10 वर्ष पूर्ण कर लिए है। आप सभी के लाड़ले समाचार पत्रिका के इस अंक से अपनी उम्र के 10वर्ष पूर्ण कर 11वर्ष में प्रवेश कर रहा है तथा आप सभी के सहयोग से आज यह समाचार पत्रिका स्वजातीय बंधुओं की आंख का तारा बना हुआ है।

यह एक कटु सत्य है कि किसी भी सामाजिक पत्रिका की उम्र उसके पाठकों, सहयोगियों व लेखकों के, विज्ञापनदाताओं के व्यवहार, जिज्ञासा एवं अपनत्व पर निर्भर करती है। आप सभी जागरूक पाठक पत्रिका को समय समय पर तर्क-विर्तक, प्रतिक्रिया व सुझावों के जरिए संपादक मंडल का मार्गदर्शन करते रहे है। समाज बंधु विज्ञापनदाता विज्ञापन रूपी आहुति देकर समाचार पत्र की रीढ़ की हड्डी को मजबूती प्रदान करते रहे है आर्थिक ईधन देते रहे है, तो ऐसी स्थिति में समाचार पत्रिका की उम्र के प्रति आशंकित रहने की जरूरत नहीं रह जाती है।

आप सभी के आशीर्वाद से आज पत्रिका देश के हर कोने में अपनी पहचान बना चुकी है। आज हजारों पाठकों का संसार पत्रिका के पास मौजूद है। यह सब आप सभी समाज बंधुओं द्वारा इस पत्रिका को समय समय पर दिये गए सहयोग के बलबूते पर ही फलीभूत हो सका है। चुंकि पत्रिका किसी व्यवसाय का नाम न होकर एक मिशन है इस लिए संपादक मण्डल ने इस समाचार पत्रिका का स्वरूप सामाजिक स्तर का ही बनाये रखा। इसमें ज्यादा से ज्यादा सामाजिक गतिविधियों के समाचारों को ही वरीयता देने का प्रयास किया गया ताकि पत्रिका समाज में आपसी सद्‌भाव, सद्‌विचार एवं विकास का नया वातावरण तैयार हो सके। आज किसी भी समाज में सामाजिक क्रांति लाने के लिए तीव्र गति से बड़े पैमानें में विचारों का आदान प्रदान और उन्हें अमल में लाने की जरूरत है। ऐसे में हमारी भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण समझी जाती है।

समाज में शिक्षा का अलख और विकास, विश्वास व जागृति के कार्यो में सहयोगी, समाज संगठनों में जागृति की भूमिका निभाना प्रत्येक समाचार पत्रिका का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इस मामले में हमारी भूमिका कैसी रही यह आकलन आप को करना है। हम अपनी भूमिका, सामाजिक कर्तव्य एवं पाठकों की रूचि के प्रति सदैव सजग व जागरूक रहे है। नियमित रूप से प्रकाशित हो रहे प्रकाशन का हर अंक अपनी एक विशेष छटा लिए होता है।

आप सभी लेखकों, संवाददाताओं, विज्ञापनदाताओं का अटूट स्नेह, विश्वास और सानिध्य बरकरार है परिणाम स्वरूप समाज की प्रथम ई-पत्रिका (ऑन-लाईन पत्रिका) का श्रेय भी हमें ही मिला है। साथ ही समाज की प्रथम वेब-साईट का श्रेय भी हमें ही मिला है जिसमें समाज के इतिहास के साथ ही समाज की विभूतियों, संतों, पदाधिकारियों, प्रतिभाओं एवं युवाओं के अलावा समाज की धर्मशालाओं एवं अन्य अति महत्वपूर्ण जानकारियों को प्रथम बार ऑन लाईन सभी के लिए उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही समाज के इतिहास पुरूष महात्मा ज्योति बा फूले की संपूर्ण जीवनी की भी प्रथम हिंदी वेब-साईट आपके साथ ही अन्य सभी के लिए उपलब्ध कराई गई है। जिससे सभी महात्मा ज्योति बा फूले के जीवनी को पढ़ कर उनके द्वारा मानव हितार्थ किए गए कार्यो का जान सके व उनके द्वारा किए गए मानव हितार्थ कार्यो से सीख ले सके।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि समाज के सभी वर्गो का सहयोग पूर्व की भांति हमें मिलता रहेगा। इसी मंगलकामनाओं के साथ पुन: आप सभी का हार्दिक आभार।

## पत्रिका ने सफलता पूर्वक किया 11वें वर्ष में प्रवेश....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

# आर.ए.एस. परसराम माली ने किया समाज को गौरवान्वित

## राजस्थान में 10 वां स्थान प्राप्त किया

## समाज की अन्य 20 प्रतिभाओं का भी प्रशासनिक सेवा में हुआ चयन





जयपुर। राजस्थान प्रशासनिक सेवा आर. ए. एस. में समाज की करीब 22 प्रतिभागियों का हुआ चयन । समाज के श्री परसराम टाक ने राज्य स्तर पर 10वीं वरीयता प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित किया।

पीपाड़ निवासी परसराम टाक वर्तमान में बावरली, बालेसर में प्रधानाध्यापक है। परसराम ने बताया कि 2005 में उनका तृतीय श्रेणी शिक्षक में चयन हुआ, 2011 में द्वितीय श्रेणी और 2012 में प्रथम श्रेणी शिक्षक बनें। परसराम को यह सफलता तीसरी बार में मिली है। लोकप्रशासन और अंग्रेजी में परसराम एमए है। उनके पिता श्री रामचंद्र टाक खेतीबाड़ी करते है और माता सुखी देवी गृहणी है। आरएएस में परसराम के लोक प्रशासन और दर्शनशास्त्र विषय थे। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष क्लासेज में पांच दिवसीय मॉक साक्षात्कार व सेमिनार में भी उन्होंने भाग लिया था।

पत्रिका के प्रेस फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा को दिए साक्षात्कार में परसराम ने बताया कि वो एक साधारण किसान परिवार से है तथा सर्वप्रथम बीए अंतिम वर्ष के दौरान आरएएस परीक्षा के बारेमें सुना तथा आरएएस जैसे प्रतिष्ठित पद की महत्ता के बारे में सुनकर इसे प्राप्त करने के लिए प्रयास करने लगा। उनके अनुसार लिए रणनीति के साथ ही कड़ी मेहनत के साथ पढ़ने का सही तरीका इस परीक्षा में बहुत महत्व रखता है। परसराम ने इस अवसर पर युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि आप जिस क्षेत्र से भी जुड़े है उस क्षेत्र में नई ऊचाईयों छूने के लिए दिन-रात प्रयासरत रहे ताकि आपके साथ परिवार, समाज एवं राष्ट्र का गौरव बढ़े।

इससे पूर्व माली समाज में आरएएस के परिणाम आते ही खुशी की लहर दौड़ी। समाज के करीब 22 जनों का आरएएस में चयन होने पर चारों और खुशियों एवं बधाईयों का दौर चला। पीपाड़ के ही अमृतलाल टाक का भी आरएएस में चयन हुआ। पीपाड़ माली समाज द्वारा दोनों चयनित आरएएस के सम्मान में विशाल जूलूस निकाला गया जिसमें समाज के हजारों लोगों ने भाग लिया। समाज ने अपने होनहार लाडलों के स्वागत में जगह जगह तौरण द्वार, गाजे बाजे एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मुख्य समारोह पीपाड़ माली सब्जी मण्डी में आयोजित किया गया जिसमे समाज के प्रबुद्धवर्ग के लोगों ने दोनों का भव्य स्वागत कर मान सम्मान किया। इस अवसर पर माली समाज के विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित थे।


इसके अलावा समाज की संजना सैनी ने भी आरएएस ओबीसी में 8वीं वरीयता प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित किया। इसके अलावा जालौर निवासी अतुल सोलंकी, तिलोड़ा के कृष्ण सुंदेशा, लालसोट के डॉ. कैलाश प्रसाद सैनी, अलवर की रूचि सैनी, नीलम सैनी, करौली की अलका सैनी, जोधपुर के ताराचंद भाटी, श्रीमती सविता भाटी।

सीकर के नवनीत सैनी जिन्होंने 65वीं वरीयता प्राप्त की। बाबूलाल देवड़ा नागौर के दीपक सांखला 152वीं रैंक, पुष्कर के चांद तंवर, बीकानेर के दिनेश भाटी, कोठपुतली के भीमसेन सैनी, उदयपुर की मंजू माली, किशनगढ़ की रेणु सैनी, निमज के ताराचंद भाटी, भरत देवड़ा एवं चौमूं के ओमप्रकाश सैनी ने 269वीं वरीयता प्राप्त कर आरएएस में चयन हो समाज को प्रशासनिक सेवा में काफी समय से खल रही कमी को पूरा किया।

जालौर के अतुल सोलंकी के चयन पर जालौर माली समाज ने धूमधाम से अतुल का स्वागत किया। अतुल समाजसेवी श्री भभूतराम सोलंकी (महामंत्री, सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम) के सुपुत्र है। अतुल ने अपनी कामयाबी का श्रैय कड़ी मेहनत व लगन के साथ अपने पिता तथा स्वर्गीय माता जी को दिया। अतुल का माली समाज एवं जालौर कलेक्टर श्री जितेन्द्र सोनी ने माल्यार्पण कर


संजना सैनी


परसराम टाक


कृष्णकुमार माली


अमृतलाल टाक


अतुल सोलंकी

स्वागत किया तथा भविष्य में सफलता की मंगलकामना की।

सायला पंचायत समिति के तिलोड़ा निवासी कृष्ण कुमार माली ने आरएएस में सफलता ही नहीं उनकी जन्म से इस मुकाम तक पहुंचने की कहानी भी बेहद रोचक व प्रेरणा दायक है। कुष्णकुमार माली के पिता श्री सोमतीराम कृषि  कार्य करते है। उनकी माता गृहणी का कार्य करती है। उनके दो भाइ मुंबई में व्यवसायरत है। उनका छोटा भाई कोटा में अध्ययनरत है। माली बचपन से ही प्रतिभाशाली थे। और उनके मन की इच्छा थी की में भी आगे बढ़कर प्रशासनिक अधिकारी बनूं। इसकी वजह से उन्होंने पिछले पांच वर्षो से जयपुर में रहकर कठिन मेहनत की ओर आज इसका परिणाम है कि इनका चयन प्रशासनिक सेवा में हुआ है। कृष्ण कुमार माली के अनुसार मन में अगर ईच्छा व दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

माली सैनी संदेश परिवार इन सभी अधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है। तथा इन सभी के नेतृत्व में प्रशासनिक सेवा में यह सर्वश्रेष्ठ कार्य कर समाज ही नहीं देश का गौरवान्वित करेगें ऐसी हमारी मंगल कामना है।

# समाज के मनोहर सिंह सांखला ने जीता एक और स्वर्ण



जोधपुर। भरतपुर में संपन्न राज्य स्तरीय राजस्थान पुलिस अंतर रैंज भारत्तोलन व कब्बडी प्रतियोगिता में जोधपुर कमिश्नरेट के हैड कांस्टेबल मनोहर सिंह सांखला ने भारत्तोलन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। जोधुपर रैंज का प्रतिनिधित्व करते हुए सांखला ने 105 किलो भार वग्र में स्नैच में सर्वाधिक 101 किलो तथा क्लिन एण्ड जर्क में 121 किलो (कुल 222 किलो) वजन उठाया। उन्होंने लगातार 11बार स्वर्ण पदक हासिल कर समाज ही नहीं वरन् जोधपुर पुलिस व सूर्यनगरी का नाम रोशन किया है। भारतोलन में 52 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भरतपुर रैंज के पुलिस महानिरीक्षक बीजू जॉर्ज जोसफ ने विजेताओं को पदक व पारितोषिक प्रदान किए।

समाज के इस होनहार खिलाड़ी ने हमेशा समाज को अपनी प्रतिभा से गौरवान्वित किया है। इसके अलावा अनेकों बार मनोहर सिंह सांखला ने प्रतियोगिताओं में पदकजीत कर विजय हासिल की है। मनोहर सिंह सांखला अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी विजयश्री प्राप्त कर चुके है।

माली सैनी संदेश परिवार उनके इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित करता है।

# 9वर्षीय मोहित सैनी ने स्टेट वशु में जीता गोल्ड



रोहतक। हरियाणा में यूंचाार किलर के नाम से प्रसिद्ध रोहतक के मोहित सैनी ने एक बार फिर विरोधियों के छक्के छुड़ा दिए। मोहित सैनी ने इस बार स्टेट वुशू चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया। महज डेढ़ साल के खेल केरियर में नेशनल प्रतियोगिता जीत चुके मोहित सैनी ने करनाल में आयोजित हुई स्टेट चैंपियनशिप में हिसार के अभिनव को हरा यह खिताब अपने नाम किया। ये मुकाबला इतना जबरदस्त था कि मोहित के पंच के आगे अभिनव अपने आंसू नही रोक सका और रोता हुआ रिंग के बाहर हो गया

मोहित सैनी के पिता रामनिवास सैनी ने बताया कि अगस्त में खिलाडियों को सम्मानित होने वाले समारोह में मोहित सैनी को भी कैश अवार्ड मिलने वाला है। उन्होंने आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। बता दें कि गोकर्ण रोड़ स्थित एसडी स्कूल में पांचवी कक्षा के छात्र मोहित सैनी अपने पिता से प्रेरित होकर वुशू गेम्स में आया। जींद रोड़ स्थित हरियाणा वुशू एकेडमी में रोजना दो घंटे अभ्यास के बाद मोहित सैनी ने जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के टूनामेंट में अपना लोहा मनवाया है। एकेडमी में मोहित सैनी खूंखार किलर के नाम से प्रसिद्ध है।

माली सैनी संदेश परिवार युवा मोहित सैनी की उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है। साथ ही युवाओं से मोहित से सीख लेने का आव्हान् करता है।

14वर्षीय आटिज्म से पीड़ित रणवीर सैनी का नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में हुआ दर्ज

# गोल्फर रणवीर सैनी ने रचा इतिहास, पहली बार में ही जीता स्वर्ण



नई दिल्ली। गोल्फर रणवीर सैनी ने हाल ही में आयोजित लांस एंजिल्स में स्पेशल ओलम्पिक में इतिहास रचते हुए पहले ऐसे भारतीय बने जिन्होंने स्पेशल ओलम्पिक में गोल्ड मेडल जीता है। 14 साल के रणवीर सैनी ने केवल 2 अल्टरनेट शॉट में टीम प्ले में यह कारनामा किया है। रणवीर और उनकी पार्टनर उनकी बुआ मोनिका ने नौ शॉट के दम पर यह कारनामा कर दिखाया है। इस प्रतियोगिता में 21 देशों के 300 गोल्फरों ने भाग लिया। यही नहीं रणवीर ने इस प्रतियोगिता में भारत की और से प्रथम बार हिस्सा लिया है। रणवीर की इस उपलब्धि पर उसका नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है। रणवीर की केवल यही एक बड़ी उपलब्धि नहीं है। 2013 में सैनी ने मकाउ में स्पेशल ओलपिंक एशिया पैसीफिक गोल्फ अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण जीत कर देश का नाम रोशन किया था।

गुडगांव कार्तिकेय सैनी के 14 वर्षीय पुत्र गोल्फर सैनी को दो साल की उम्र में आटिज्म से पीड़ित पाया गया था। उन्होंने नौ बरस की उम्र में गोल्फ खेलना शुरू किया। जबकि गोल्फ खेलने वाले एक्सपर्ट ने कोई ओर गेम खेलने की राय दी, लेकिन माता पिता ने उसे गोल्फ का खिलाडी ही बनाने की ठानी। गोल्फ में दिमागी और शारीरिक रूप से मजबूत होना जरूरी है लेकिन रणवीर ऐसा नही है। लेकिन पिता ने अपना गेम छोड़कर रणवीर को गोल्फ खेलने के लिए तैयार किया। पिता कार्तिकेय ने कहा कि एक माता पिता के लिए बेटे की कामयाबी सबसे बड़ी खुशी है और बेटे की बेबसी भी सबसे बड़ा दुख होता है। हम नही चाहते थे की हमारा बेटा किसी से पीछे रहे। इसलिए मैनें और इसकी माता बख्तावर सैनी ने पिछले कई वर्षो से लगातार मेहनत कर रहे है। खुशी है कि आज मेरा बेटा देश का गौरव ब्ढ़ाने में कामयाब रहा। भारतीय गोल्फ संघ ने देश को गौरवान्वित करने के प्रयास में रणवीर सैनी का समर्थन किया है। रणवीर को गोल्फ के अलावा संगीत, की-बोर्ड बजाना, गाना गानें, साईकिल और हॉर्स राईडिंग और स्वीमिंग में भी महारत हासिल कर रखी है। इसके अलावा रणवीर को खाने बनाने तथा सुबह जल्दी माता पिता को चाय बनाकर पिलाना बहुत अच्छा लगता है। माली सैनी संदेश ऐसी प्रतिभाओं का हार्दिक आभार प्रकट करता है जिनके प्रदर्शन से परिवार, समाज ही नहीं वरन् विश्व में संपूर्ण देश को




अपनी प्रतिभा से कायल किया है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि रणवीर सैनी अपने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर देश व समाज को भविष्य में भी गौरवान्वित करेंगे।

## सांसद सैनी ने किया ओबीसी ब्रिगेड बनाने का ऐलान

कैथल : भाजपा सांसद राजकुमार सैनी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बचाने के लिए कए बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने एक ओबीसी ब्रिगेड के बैनर तले 28 नवंबर को पिछड़ा वर्ग के एक लाख से अधिक युवा जंतर-मंतर पर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। सैनी शनिवार को कैथल स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सांसद राजकुमार सैनी ने कहा कि किसी को भी किसी भी कीमत पर पिछड़ा के हितो के साथ कुठाराघात नहीं करने दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें चाहे कितनी बड़ी कुर्बानी क्यो न देनी पड़े। उन्होंने खुले तोर पर कहा कि पिछडा वर्ग के हितों व हकों को लड़ाई वे अपनी आखिरी सांस तक लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने ओ.बी.सी. ब्रिगेड बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि यह ब्रिगेड समाज सेवा के कार्यो के साथ-साथ कार्यकर्त्ताओं के तौर पर पिछड़ा वर्ग के हकों की सुरक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर को एक लाख से भी अधिक ब्रिगेड के सदस्य जंतर-मंतर पर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। सैनी ने कहा कि जाट समुदाय के लोग 27 जुलाई को आरक्षण को ले कर एक आंदोलन करके सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उनका सहयोग देने वाले अन्य समुदाय के लोग पूरी तरह से सरकार का सहयोग व समर्थन करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

एक सवाल के जबाव मे सांसद ने कहा कि उन पर किसी बड़े नेता ने पिछड़ा वर्ग के लोगों के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए किसी प्रकार को कोई रोक नहीं लगाई गई है। सांसद सैनी ने कहा कि प्रदेश में सभी भर्तियां मैरिट के आधार पर की जाएगी तथा इन भर्तियों में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में भर्तियों के लिए सभी मापदंड तय किए गए हैं, जिनके आधार पर ही ये भर्तियों की जाएंगी।

सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भतियों में किसी प्रकार का भेदभाव न हो पाए।

बलजीत सिंह के पिता भी उग्रवादियों से लोहा लेते हुए सन् 1984 में हुए शहीद

# आतंकवादी हमले में शहीद हुए बलजीत सिंह सैनी



**लाईन मैन अश्वनी सैनी ने ट्रेक पर बम देख, दौड़ते हुए ट्रेन रूकवा कर बचाई 272 लोगों की जान**

चंडीगढ़। 27 जुलाई को गुरूदासपुर में हुए आंतकी हमले में शहीद हुए बलजीत सिंह सैनी ने अद्म्य साहस का परिचय देते हुए अंतिम सांस तक लिया आंतकवादियों से लोहा।

आप मेरी चिंता मत करो और आगे बढ़ कर लड़ो.... मैं इनको खेदड़ कर ही रहूंगा। ये आखिरी शब्द थे एसपी(डिटेक्टीव) बलजीत सिंह सेनी के। वो बलजीत सिंह जिन्होंने पंजाब के गुरूदासपुर में आंतकियों के हमले में अद्म्य साहस का परिचय देते हुए सर्वोर्च बलिदान दिया।

बलजीत सिंह के साथ आतंकियों से लड़ रहे एएसआई ने यह जानकारी दी। भूपिंदर सिंह ने बताया कि आतंकवादि अंधाधुंध गोलियां चला रहे थे। बलजीत सिंह थाने की टंकी की ओट से आतंकियों को मूंहतोडत्र जवाब दे रहे थे। बलजीत सिंह को भूपिंदर सिंह को संभल कर रहने को कहा। इस पर बलजीत सिंह ने चिंता छोड़नेकी बात कही साथ ही कहा कि आतंकियों को खदेड़ कर ही दम लेंगे।

यही नहीं इस आतंकवादी हमले के साथ ही आतंकवादियों के द्वारा रेलवे ब्रिज पर ट्रेन को उड़ाने की साजिश को सैनी समाज के एक और सपूत ट्रेकमैन अश्वनी सैनी ने विफल कर दिया। बम का पता लगने पर अश्वनी सैनी ने लाल झंडा लेकर ट्रैन की तरफ दौड़ते हुए ड्राईवर को गाड़ी रोकने को कहा इस तरह से एक बड़ी घटना होने से रूक गई। अश्वनी सैनी के इस होनहार प्रयास से ट्रेन में सवार 272 यात्रियों की जान बच गई। कपूरथला निवासी बलजीत सिंह सैनी डेढ़ माह पहले ही प्रमोशन पाकर एसपी बने थे। दीनानगर थाने में फायरिंग की खबर सुनते ही वह वहां पहुंच गए थे। उन्होंने साथियों के साथ थाने की पहली मंजिल पर मोर्चा संभाल रखा था।

एसपी बलजीत सिंह सैनी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में पंजाब के डीजीपी श्री सुमेद सिंह सैनी ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। बलजीत सिंह के परिवार में उनकी पत्नी श्रीमती कुलवंत के अलावा बेटा मनिंदर सिंह(24) बेटियां परमिंदर(22) और रविंद्र(20) है। बलजीत सिंह एक ऐसे पुलिसकर्मी के बेटे है जो साल 1984 में उग्रवादियों के हमले में ही शहीद हो गए थे। आंतकी हमले में जान न्योछावर करने वाले एसपी(डी) बलजीत सिंह सैनी केबेटे को डीएसपी नियुक्त करने और परिवार को 25 लाख रूपये ग्रांट देने का फैसला पंजाब सरकार ने किया। इसके अलावा एसपी बलजीत सिंह सैनी को मरणोपरांत राष्ट्रपति पुलिस मेडल देने की केन्द्र से सिफारिश की जाएगी। पंजाब सरकार ने इस कारवाई के दौरान शहीद हुए बलजीत सिंह सैनी के परिवार को उनकी सेवानिवृति के समय तक का पूरा वेतन देने की घोषणा की। साथ ही उनके बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया।

समाज दोनों जांबाजों को सलाम करते हुए इनकी वीरता पर गौरवान्वित है। माली सैनी संदेश दिवंगत शहीद बलजीत सिंह सैनी की शहादत पर उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करता है। हमें गर्व है हमारे समाज के इस वीर सपूत पर।




शहीद बलजीत सिंह को श्रद्धाजलि अर्पित करते पंजाब डीजेपी सुमेद सिंह सैनी



शोक संतृप्त परिवार को ढ़ाढस बंधाते पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल

मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने किया महात्मा फूले की मूर्ति का अनावरण

# महात्मा फूले नारी शिक्षा का कार्य किया मैं भी उनका अनुसरण कर रहा हूँ- मुख्यमंत्री



उज्जैन। महात्मा फूले ने शिक्षा का अलख जगाने को लिए अपना पूरा जीवन नोछावर कर दिया। उन्होंने नारी शक्ति की शिक्षा पर भी बहुत प्रयास किये। मैं भी उन्हीं का अनुसरण कर नारी शक्ति की शिक्षा पर कार्य कर रहा हूं। प्रदेश में बालिका शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है इसका लाभ आब मध्यप्रदेश को मिल रहा है इसी का परिणाम है भारत में आईआईटी परीक्षा में प्रदेश का प्रथम स्थान रहा है हमनें महिलाओं के लिए चुनाव में ५०% आरक्षण दिया है। वहीं अब हम पुलिस भर्ती में भी महिलाओं को ३३% आरक्षण देने जा रहे है। अब हमारी बहिनें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। माली समाज हमारा मेहनतकश किसान है वह फूल, सोयाबीन, गेहूं के साथ सभी खेती कर अपना जीवनयावन करता है खेती लाभ का सौदा बने इसके लिए हम सभी फसलों हेतु लोन देगे १०० रूपये देगे १० रूपये वापस लेगे। इस प्रकार १०% कम पर राशि उपलब्ध करायेगे। ताकि हमारा किसान सक्षम बन सके।

मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह ने महात्मा ज्योतिबा तिराहा पर स्थित महात्मा फूले मूर्ति का अनावरण करते हुए विशाल सभी में कहीं। उज्जैन नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सर्वश्री डॉ. चिन्तामणी मालवीय सांसद, श्री पारस जैन शिक्षा मंत्री, श्री बाबूलालजी जैन योजना आयोग केअध्यक्ष, विधायक डॉ. मोहन यादव, श्री सतीश मालवीय, श्री अनिल फिरोजिया, महापौर श्री रमेश्वर अखंड, निगम अध्यक्ष श्री सोनू गेहलोत, श्री प्रदीप पांडे अध्यक्ष जन अभियान परिषद आदि मौजूद थे। सभी अतिथियों का स्वागत निगम अध्यक्ष श्री सोनू गेहलोत ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री सत्यनारायण चौहान ने किया। आभार मण्डल अध्यक्ष श्री मोहन जायसवाल ने माना। इस अवसर पर माली समाज ने मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान का भव्य पुष्प माला से स्वागत किया। वही अखिल भारतीय माली समाज ने मालवा की पगडी एवं ५१ किलो हार से मुख्यमंत्री का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सर्वश्री बाबूलाल भाटी, लीलाधर आढतिया, प्रेमनारायण सिंगनाथ, सुरेश सोनगरा, अशोक सैनी, कैलाशचंद्र सिसोदिया, हिम्मत बागड़ी, रमेशचन्द्र गेहलोत, पुरूषोत्तम चौहान, शिवनारायण चौहान, अनंतनारायण सांखला, फूलचन्द्र बरेडिया, कुन्दन माली, गब्बर भाटी पार्षद, लालाराम गेहलोत, ओम प्रकाश बारोड, पवन दयाल, दिनेश गेहलोत, मंगल कछावा, ओमप्रकाश गेहलोत, प्रवीण गेहलोत, नरेन्द्र सांखला, किशोरकुमार भाटी, मांगीलाल राजनोद, शिवनारायण जागीरदार, केशरीमल सुमन, प्रकाश सेठी, गजानंद रामी, भैरूसिंह रामी, दुर्गेश वर्मा, गोपाल बागरवाल, सत्यनारायण सांखला, अशोक सांखला, नागूलाल माली, यादवप्रसाद सैनी, संतोष सैनी, गोपालकृष्ण सैनी, संतोष पंवार, गोविन्द सांखला, हुकमचंद्र बल्दिया, लालू भाटी, विनोद दग्दी, मनोहर गेहलोत, लखन जागीदार आदि उपस्थित थे।

# माली समाज भवन में यज्ञ का आयोजन, प्रमुख मार्गो से निकाली गई शोभायात्रा

मेड़ता सिटी। माली समाज भवन में शुक्रवार को माली सैनी नवयुवक मंडल के तत्वाधान में संत लिखमीदास महाराज की जयंती विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। इस अवार पर समाज भवन में यज्ञ में आहुतियां दी। बाद में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सोजती गेट, चौक का बास, राव दूदा मार्ग, चारभुजा चौक, घोसीवाड़ा, पदम कुम्हारों का मोहल्ला, थड़ा का बास, पृथ्वीराज जी का थड़ा, रामदेवजी की तिवारी होते हुए वापास समाज भवन पहुंची। कार्यक्रम में माली समाज अध्यक्ष गोरधन राम टाक, रमजीराम गहलोत, रामस्वरूप गहलोत, पुखराज टाक, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण चौहान, खेताराम टाक, रमेश पालड़िया, जितेन्द्र गहलोत, ताराचंद मारोठिया, भारत चौहान, लूणाराम सांखला, हुक्मीचंद गहलोत, शिवराज चौहान, मांगीलाल चौहान, धनश्याम गहलोत, जब्बरचंद भाटी आदि मौजूद थे। समारोह में विशिष्ट अतिथियों का साफा व माला से अभिनंदन किया गया। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



शोभायात्रा के बाद भवन में समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सभी वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, संगठित होकर समाज की तरक्की करने की बात कही।

20वां महाराजा शूर सैनी जयंती पर कमानी चौक स्थित कृष्ण पैलेस में हुआ कार्यक्रम

# महात्मा फूले को भारत रत्न दिलाने के लिए उठाउंगा संसद में आवाज : कटारिया



दमुनानगर। महात्मा ज्योति राव फूले ने समाज को जाग्रत करने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने कभी किसी में भेदभाव नहीं समझा। इसलिए उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए। उन्हें भारत रत्न दिलाने के लिए सांसद में आवाज उठाई जाएगी। इस संबंध में सिफरिा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी भेजी जाएगी। यह कहना था अम्बाला लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया का। कटारिया रविवार समारोह में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे थे।

कार्यक्रम कमानी चौक स्थित निजी पैलेस में राष्ट्रीय सैनी महापंचायत की और से किया गया। इसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार के अतिरिक्ति महाअभिवक्ता एवं राष्ट्रीय सैनी महाप्रंचायत के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतमसिंह सैनी ने की। वहीं शुभारंभ समाजसेवी सुभाष सैनी ने किया। इस अवसर बच्चों की ओर से रंगारंग कार्यक्रम भी किया गया। सैनी समाज के लोगों ने सांसद में सैनी धर्मशाला के निर्माण में 11 लाख रूपए देने की मांग रखी। इस पर कटारिया ने दस लाख रूपए देने की घोषणा की और बोले अगर पैसे की और जरूरत पड़ेगी तो वे पीछे नहीं हटेंगे। इस बारे में सीएम को भी अवागत कराया जाएगा, ताकि सीएम की ओर से भी इसमें कुछ सहायता की जा सके।

शिक्षा पर दिया जाए जोर : इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. बिशनलाल सैनी ने कहा कि सैनी समाज के लोगों को राजनीति में आगे आना चाहिए। क्योंकि जब तक राजनीति में भागेदारी नहीं बढ़ेगी समाज की आवाज को राजनेता अनासुना कर देंगे। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को चाहिए कि बच्चों को स्कूल जरूर भेंजे। लड़कियों को शिक्षा से वंचित नहीं रखा जाए। एक जुट होकर एक दूसरे के सुख-दुख में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि सैनी समाज के लोक संघर्ष कर अपने दस पर आगे आए है। जो लोग राजनीति या फिर अन्य फील्ड में आगे है उन्हें समाज के लिए कार्य करना चाहिए।

लीड करने वाला होना जरूरी : हरियाणा सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रीतमसिंह सैनी ने कहा हमारे समाज में लीड करने वालों की कमी है। एकजुट तो हो जाते हैं, लेकिन आगे चलने वाला कोई नहीं होता। उन्होंने कहा कि मृत्यु भोज पर रोक लगाई जाए ओर जो लोग कन्याओं को बोझ समझते है, उनके मन से यह बत निकालनी है कि लड़कियां आज के समय में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

उन्होंने दहेज विवाह पर भी रोक लगाने का अनुरोध किया। वही सुभाष सैनी बफाना ने कहा कि हरियाणा में जनसंख्या के हिस्सा से दस एमएलए होने चाहिए। लेकिन समाज के लोग एकजुट नहीं है इसलिए दस एमएलए नहीं चुन पाते। कार्यक्रम के अंत में होनहार छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## सैनी समाज की ओर से स्व. बजरंग लाल गौड़ की प्रथम तिथि व प्रतिभा सम्मान आयोजित





रामगढ़ शेखावटी। सैनी समाज सेवा समिति की ओर से आयोजित सम्मेलन में महात्मा फूले अतिथि भवन में समाजसेवी स्व. बजरंगी लाल गौड(सैनी) की प्रथम तिथि समारोह पूर्वक मनाई गई इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। मंहत कैलाश नाथ जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित समोरह की अध्यक्षता लक्ष्मण मरोठिया ने जबकि मुख्य अतिथि सरदार शहर के समाजसेवी व उद्योगपति सीताराम कंम्मा थे समारोह में लक्ष्मणगढ़ के पत्रकार व सैनी वर्ल्ड इकॉनाम फोरम राजस्थान के प्रांतीय संगठन मी बाबूलाल सैनी सीकर क समाजसेवी व उद्योगपति प्रकाश सैनी, प्रांतीय अध्यक्ष व समाजसेवी रामगोपाल राकसिया, सैनी समाज सीकर के अध्यक्ष भंवरलाल सैनी, उद्योगपति व समाजसेवी लक्ष्मणगढ़ निवासी अनिल बागड़ी, रामगढ़ के समाजसेवी उद्योगपति पृथ्वीराज गौड़, सैनी अधिकारी कर्मचाी संघ चुरू के जिाध्यक्ष भंवरलाल गौड़, प्राचार्य जगदीश कटारिया, फतेहपुर के समाजसेवी मोतीलाल विशिष्ठ अतिथ्ि के रूप में मंचस्थ थे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने स्व. गौड़ के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला साथ ही उनके द्वारा किए गए समाजहितार्थ कार्यो की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों समाजबंधुओं ने स्व. गौड़ को श्रद्धाजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद सैनी ने किया जबकि अध्यक्ष भंवरलाल तंवर ने आभार प्रकट किया।

सम्मान समारोह में पहुंचे विधायक नायब सैनी व डॉ. पवन सैनी, पानीपत में धर्मशाला के लिए जगह दिलाने की मांग

# संगठित, शिक्षित व संस्कारित बनाएं समाज : डॉ. पवन सैनी





पानीपत। किसी भी व्यक्ति या समाज का विकास तभी संभव है जब वह संगठित, शिक्षित और संस्कारित होगा। सैनी समाज के लोगों को भी आपसी भाईचारा कायम करते हुए सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाया जाए और हर बच्चे को शिक्षित किया जाए। ये विचार नारायणगढ़ विधायक नायब सैनी और लाडवा डॉ. पवन सैनी ने व्यक्त किए।

सैनी समाज विकास संगठन और राष्ट्रीय सैन पंचायत द्वारा शनिवार को गंगापुरी रोड स्थित गंगा गार्डन में दोनों विधायकों और अतिरिक्त महाधिवक्ता बने एडवोकेट प्रीतमसिंह सैनी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला एवं बाहर से आए सैनी समाज के प्रतिनिधियों ने पानीपत में सैनी धर्मशाला के लिए जगह उपलब्ध करवाने की मांग उठाई। समारोह की अध्यक्षता पानीपत थर्मल में एसई हरजीतसिंह सैनी ने की। समालखा नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन प्रेम सैनी, लीड बैंक प्रवंधक भूपसिंह सैनी, डॉ. एमकेके स्कूल पानीपत के निदेशक आरएल सैनी विशिष्ट नायब सैनी ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती के लिए आपसी भाईचारा और एकता जरूरी है। समय के साथ सामाजिक बदलाव आ रहे है। हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व रखने वाला समाज ही आगे बढ़ता है। राजनैतिक भागीदारी होना भी जरूरी है। भाजपा ने सैनी समाज के लोगों को महत्व दिया और विधायक चुनकर विधानसभा में पहुंचे। सैनी समाज की एकजुटता से यह संभव हो पाया है। पिछली सरकार में प्रदेश में भेदभाव और भाई भतीजावाद हुआ। भाजपा सरकार सम्मान विकास में विश्वास रखती है।

**धर्मशाला के लिए जगह की मांग :** दोनों विधायकों के समक्ष सैनी समाज के लोगों ने पानीपत में सैनी धर्मशाला के लिए जगह दिलाने की मांग की। लाडवा विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि धर्मशाला की मांग वे सरकार के समक्ष रखेंगे। प्रशासन से बातचीत कर उचित कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका इतना बड़ा राजनीतिक कद नहीं है, लेकिन सैनी समाज को महत्व देते हुए पार्टी ने उन्हें चुनाव लड़ने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों और युवाओं को होनहार बनाएं। होनहार कभी बेरोजगार नहीं रह सकते। नवनियुक्त अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रीतमसिंह सैनी ने कहा कि महिला उत्थन और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता लानी जरूरी है।

**सुख-दुख में बने भागीदारी :** सैनी समाज विकास संगठन प्रमोद सैनी व राष्ट्रीय सैनी पंचायत जिलाध्यक्ष रामभज सैनी ने कहा कि बंसीलाल सरकार में सैनी समाज से दो विधायक बने थे और उन्हें मंत्री भी बनाया गया। अब फिर सैनी समाज से दो विधायक बने है। सरकार से इन्हें मंत्री बनाने की मांग उठाई जाएगी। इन्हें सुख-दुख में भागीदार बनना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. रामकुमार सैनी, जसविंद्र सैनी, जयसिंह सैनी, पार्षद सतीश सैनी, राधेश्याम सैनी, जयसिंह सैनी, रामकुमार सैनी, राजेंद्र सैनी, जयकुंवार सैनी, डॉ. सतीश सैनी, सुरेश सैनी, राजेंद्र सैनी व धर्मवीर सैनी भी मौजूद रहे।


## गो चिकित्सालय का दान पात्र अपने प्रतिष्ठान पर लगाकर कर सकते है पीड़ाग्रस्त गोवंश हितार्थ सहयोग

गोभक्त अपनी नेक कमाई में से पीड़ाग्रस्त गोवंश हेतु सहयोग कर अपने धन का शुद्धिकरण करना चाहते है उनसे निवेदन है कि आप अपने छोटे प्रतिष्ठान पर घर स्टील का दान पात्र लगाकर व बड़े प्रतिष्ठान पर वी.आई.वी. दान पात्र लगाकर पीड़ा से बिलखते हुए गोवंश के दवाई, चारा पानी इत्यादि हेतु सहयोग कर सकते है।

दान पात्र लगवाने हेतु संपर्क :-

**9269344065**

### गौ चिकित्सालय की एक आधुनिक शाखा जोधपुर में

# विश्व स्त्तरीय गो चिकित्सालय का आई.सी.यू. वार्ड होगा जोधपुर में स्थापित

### 21 एम्बुलेसों द्वारा लावारिस अत्यधिक घायल गोवंश जो उठने में असक्षम यहों होगे उपचार हेतु भर्ती





जोधपुर। श्री कृष्णागोपाल गौ सेवा समिति, नागौर संचालित विश्व स्तरीय गौ चिकित्सालय की एक महत्वपूर्ण बैठक गौ चिकित्सालय के संस्थापक महामण्लेश्वर स्वामी कुशालगिरी महाराज के सानिध्य में पदाधिकारियों एवं गौ भक्तों की बैठक हुई। सचिव मनोहरलाल प्रजापत ने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यह तय किया गया कि जोधपुर स्थित नागौर-पाली बाईपास पर जमीन खरीदी गई यहां जोधपुर के गौ भक्तों की मांग व उनके सहयोग को देखते हुए एवं लावारिस दुर्घटनाग्रस्त जो अत्यंत घायल स्थिति वाले गौवंश हितार्थ विश्व स्तरीय गौ चिकित्सालय का आईसीयू वार्ड यहां शीघ्र ही स्थापित होगा।

गौ चिकित्सालय की पांच पशु एम्बूलेंस यहां 24 घंटे गौवंश के लिए खड़ी रहेगी जो बाड़मेर, पाली, अजमेर, संपूर्ण जोधपुर जिले से लावारिस दुर्घटनाग्रस्त गौवंश को उपचार के लिए इस नई शाखा में लाकर उच्च स्तरीय उपचार व सेवा कार्य करेगी।

महामण्डलेश्वर स्वामी श्री कुशालगिरी जी ने बताया कि जोधपुर में गो चिकित्सालय से जुड़े हुए दानदाताओं व गोभ्क्तों को जब इस बारे में अवगत कराया गया कि गो चिकित्सालय के पास कोई बजट नहीं है ज्ञात रहे विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय यही भावना रखता है कि जो प्रतिदिन दान राशि आती है तुरंत सेवाकार्य में लगा दी जाती है। इसी कड़ी में जोधपुर निवासी गोभक्त श्री हनुमानसिंह राजपुरोहित ने अपने खेत में से 3.5बीघा जमीन 25 लाख रूपये प्रति बीघा के हिसाब से दी जिसके रुपये इसी वर्ष में देने का स्वामी जी ने भरोसा दिलाया। भक्त ने गो हितार्थ पुनित गो सेवा हेतु जमीन का कब्जा स्वामी जी को सोंप दिया। दूसरे ही दिन गो कर्मचारियों ने सूर्य की पहली किरण के साथ गोमाता के प्रति आस्था रखते हुए अब तक निरंतर कार्य कर रहे है यह कार्य देर रात तक चल रहा है।

इस हेतु गो भक्त व्यापारियों से कर्ज ले कर भविष्य में समय समय पर किश्तें देकर गोहितार्थ महाअभियान को सफल करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। अत: एक विश्व स्तरीय गो चिकित्साल से जुड़े दानदाताओं, भामाशाहों, सदस्यों व दानपात्र वाले भक्त सभी मिलकर अपनी श्रद्धानुसार इस पीड़ाग्रस्त गोवंश के लिए जो नया गो तीर्थ कर रहा है उसमें आप अपनी राशि इस पावन पुनित गो यज्ञ में आहुति देकर अपने जीवन को कृतार्थ करें तथा गो चिकित्सालय के इस महा अभियान को सफल बनाने में मदद करे।



## सोलंकी परिवार ने की एम्बुलेंस भेंट

बाबुसिंह सोलंकी, श्रीमती अनदीदेवी सोलंकी, डूंगरसिंह सोलंकी नया पुरा लालसागर जोधपुर ने 21 जुलाई 2015 को नागौर गौ चिकित्सालय द्वारा स्थापित जोधपुर शाखा में एम्बुलेंस भेंट की। जिसका शुभारंभ करते हुए सोलंकी परिवार जोधपुर।

### जयपुर में 15 अगस्त, 2015, उदयपुरवाटी में 16 अगस्त, 2015 व अलवर में 11 अक्टूबर को होगा आयोजन

# प्रदेश के विभिन्न अंचलों में सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**उदयपुर वाटी।** माली सैनी समाज उदयपुरवाटी (झुंझुनू) के तत्वावधान में रविवार, दिनांक 16 अगस्त, 2015 को प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री समाजसेवी एडवोकेट श्री संदीप सैनी ने बताया कि इ अवसर पर वर्ष 2014-15 में आरएएस, आईएएस, डाम्टर्स, इंजिनियर्स, अंतराष्ट्रीय खेल-कूद एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं एवं समाज की विभूतियों का सम्मान किया जायेगा।

श्री संदीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री वी. के. प्रसाद(अतिरिक्त सचिव, गृह विभाग, भारत सरकार), विशिष्ठ अतिथि श्री एन. आर. के रेड्डी(पुलिस महानिदेशक, कानून सतर्कता, राजस्थान), श्री एस. के. कुशवाहा(आई.ई.एस., एनएचआई, कोलकता) होगें। कार्यक्रम सैनी समाज धर्मशाला उदयपुरवाटी झुंझुनूं में आयोजित किया जायेगा।

समस्त कार्यकारिणी इस अवसर पर समाज के सभी वर्गो को सादर आमंत्रित कर इस आयोजन को सफल बनाने का आव्हान् करती है। **जयपुर।** सैनी समाज सेवा एवं शिक्षण संस्था, टोंक फाटक, जयपुर द्वारा प्रतिभा सम्मान, सांस्कृतिक, युवक युवति परिचय एवं सहभोज समारोह का आयोजन शनिवार, 15 अगस्त 2015 को श्रीनिवास के बालाजी, गलता रोड़, जयपुर में किया जायेगा। संस्थान अध्यक्ष श्री शिवनारायण सैनी ने बतायाँ कि इस अवसर पर सर्वप्रथम दोपहर 2 से 3 बजे तक खेलकूद एवं सांस्कृति प्रस्तुति। दोपहर 3 से 4 बजे तक प्रतिभा सम्मान समारोह तत्पश्चात युवक युवति परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसके पश्चात सांय 4.30 बजे से सहभोज का अयोजन किया जायेगा।

**अलवर।** सैनी समाज विद्यार्थी संगठन(माली यूथ) के द्वारा आगामी 11 अक्टूबर, 2015 को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संगठन के अध्यक्ष श्री विकास माली ने बताया कि कक्षा 10वीं व 12वीं मे 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षा में 65 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्रापत करने वाले विद्यार्थियों के अलावा आईआईटी, पीएमटी, नेट, आरएएस, आईए एस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

इसके अलावा राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों व विवाह के पश्चात ससुराल में अध्ययन करने वाली महिला के सास ससुर को भी सम्मानित किया जायेगा।

# माँ भुवनेश्वरी मंदिर ट्रस्ट ने भौगीशैली परिक्रमा के भक्तों की सेवा

**जोधपुर। माँ भुवनेश्वरी मंदिर भोगीशैली परिक्रमा यात्रा 2 जुलाई 2015 नागौरी बेरा मण्डोर समिति के अध्यक्ष ठा. गौतमसिंह कच्छवाहा ने बताया कि पुरूषोत्तम मास प्रथम आषाढ़ विक्रम संवत 2072 विशाल भजन संध्या आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायन रामकिशोर दाधिच पार्टी ने भाजियो का मनमोह लिया दोपहर समय 2से 5 बजे तक सुन्दर काण्ड पाठ आयोजन किया गया भागीशैली परिक्रम यात्री बढ़-चढ़ कर सुन्दर काण्ड पाठ हिस्सा लिया।**

**भजन संध्या दोपहर 1 से रात 9 बजे तक चला। यात्रियों के लिए सुबह से ही भोजन नाश्ता नि:शुल्क चलाया गया हजारों श्रद्धालुओं ने प्रकार ग्रहण किया। इसके मुख्य अतिथि नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा महापौर धनश्याम ओझा, प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्रसिंह सोलंकी, वार्ड पार्षद श्रीमती श्यामादेवी गहलोत, पूर्व पार्षद मंयक देवड़ा पार्षद अपनी उपस्थिति दी।**

**गौतमसिंह कच्छवाहा इस कार्यक्रम लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में 5 वर्षा से नि:शुल्क भोग पर्यावरण व जीव सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान मातृश्री शरणम के संचालन दिलीप ने भोगी शैली पत्रिका यात्रा के दौरान 150 माताओं-बहिनओं का एम्यूप्रेशर विधि द्वारा कमर दर्द, पेट दर्द का तत्काल राहत प्रदान की गयी। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान लिया गया।**


जगदीश देवडा

**समारोह में जगदीश देवड़ा, प्रदीप कच्छवाहा सहयोग किया। प्रदीप कच्छवाह ने बताया कि मां भुवनेश्वरी मंदिर मोणी शैली परिक्रम यात्रा 2015 नागौरी बेरा मण्डोर द्वारा डॉ. गौतमसिंह कच्छवाहा द्वारा जगदीश देवड़ा को समाज सेवा क्षेत्र में स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। महेश गहलोत, अनिल कच्छवाहा, समुद्रसिंह परिहार, दिलीप परिहार, सागर परिहार, सज्जनसिंह गहलोत गणमान्य लोग मौजूद थे।**

# देश भर में हर्षोल्लास से मनाई गुरु पूर्णिमा, संत शिरोमणी लिखमीदास जी को किया स्मरण





बैंगलोर। माली समाज (जालोर, सिरोही, बाड़मेर) कर्नाटक (बैंगलोर) द्वारा द्वितीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव एवं संत श्री लिखमीदासजी महाराज जयंती राणासिंग पेट, कांटनपेट क्रांय स्थित राजपूत समाज भवन में हर्षोल्लास से मनाई, कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत लिखमीदास महाराज की तस्वीर की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात् भजन संध्या, आवश्यक साधारण सभा, प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष टिकमचंद परमार ने आगंतुको का स्वागत किया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सांकलाराम गहलोत, संगठन मंत्री दुदाराम सोलंकी, कोषाध्यक्ष रमेश सोलंकी सभी समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज के मंत्री वरदीचंद देवड़ा ने धन्यवाद प्रदान किया।

जोधपुर। आज गुरू पूर्णिमा के दिन माली समाज के आराध्य देव संत श्री शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज का जन्म दिवस माली संस्थान के वृद्धाश्रम, किर्तीनगर, मगरा पूंजला, जोधपुर में संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा, नागौर व माली संस्थान, जोधपुर द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया।

समारोह में सैंकड़ों की संख्या में समाज के लोग सम्मिलित हुए। प्रारम्भ में स्मारक विकास संस्थान के सह-सचिव मनोहरलाल परिहार ने पधारे सभी स्वजाति बंधुओं का स्वागत भाषण द्वारा स्वागत किया। संस्थान के सचिव श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा ने संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान द्वारा अमरपुरा, नागौर में हो रहे भव्य मंदिर निर्माण कार्य की जानकारी दी। राधेश्याम सांखला ने भी लिखमीदास जी महाराज के विचारों व कार्यो पर चर्चा की।

समारोह में माली संस्थान व राजसिको के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनिल परिहार, पार्षद किशोरसिंह टाक, पार्षद श्रीमति श्यामदेवी गहलोत, पूर्व पार्षद मुकेश गहलोत तथा संस्थान के पदाधिकारी इन्द्रसिंह गहलोत, हजारीसिंह टाक, अचलसिंह भाटी, महामन्दिर मण्डल अध्यक्ष (भाजपा) जयंत सांखला, सुभाष गहलोत, लक्ष्मणसिंह सांखला, धनश्याम सोलंकी, डूंगरसिंह गहलोत, अक्षयसिंह टाक, हरिसिंह गहलोत, धीरेन्द्रसिंह गहलोत, हरिसिंह चौधरी, भूरसिंह कच्छवाहा, ब्रह्मसिंह कच्छवाहा, नरपतसिंह कच्छवाहा के साथ सैकड़ों स्वजाति बंधुओं उपस्थित थे।

सेठ श्री नरसिंह जी सांखला द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। जगदीश देवड़ा ने कार्यक्रम को संचालित किया। साथ ही माली संस्थान सचिव हनुमानसिंह गहलोत ने सभी को सधन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके साथ ही देश के अनेकों संस्थाओं द्वारा गुरू पुर्णिमा के पावन पर्व पर संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज का स्मरण किया गया।

**मनुष्य जन्म अनंत पुण्यकर्मो के पश्चात् प्राप्त होता है। ऐसा मनुष्य जन्म यदि संत रूप में जीने का अवसर मिले तो फिर कहना ही क्या? संतों में भी सच्चे भगवनिष्ठ संत होना अत्यन्त सौभाग्य का विषय होता है।**

**ऐसे ही बिरले संतों में श्री लिखमीदास जी महाराज का नाम एक है। आपने नागौर जिला मुख्यालय से निकल चैनार ग्राम की भूमि को वि.सं. 1807 की आषाढ़ मास की गुरू पूर्णिमा के दिन माली श्री रामूराम जी सोलंकी के घर जन्म लेकर पवित्र किया।**

# बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक–राजेन्द्र गहलोत

पीपाड़। माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी पीपाड़ शहर में मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ नीलकंठ आश्रम सोजतसिटी के संत चेतन सानिध्य तथा पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह की अध्यक्षता राजसिको के पूर्व चेयरमेन सुनील परिहार ने की।

वहीं मोतीलाल सांखला(राष्ट्रीय अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच), जोधपुर भवन हरिद्वार के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, अखिल भारतीय माली सैनी समाज संस्थान, पुष्कर के अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा विशिष्ट अतिथि थे। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने माली समाज से आव्हान करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना अति आवश्यक है। समारोह में भोपालगढ़ सरपंच जमना देवी, कोसाना सरपंच बाबूदेवी गहलोत, बुचकंला सरपंच दिनेश सांखला, आरएएस में चयनित पारसराम टाक, अमृतलाल सांखला, हनुमान भाटी, बाबूलाल सांखला। संस्थान के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र टाक, सचिव धनाराम कच्छवाहा समेत अतिथियों के अलावा भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष धनराज सोलंकी, भाजपा नेता महेन्द्रसिंह कच्छवाहा, नगर कांगेस अध्यक्ष अमराराम भाटी, पूर्व पालिकाध्यक्ष बाबूलाल टाक, करणाराम टाक, शिव मंदिर पुजारी सोहनलाल सांखला इत्यादि का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

समारोह के पूर्व मूर्ति प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के 27 जोड़ो द्वारा यज्ञ आहुतियां दी गई। मुख्य यजमान करणाराम टाक थे। समारोह में संस्थान के सदस्य अनोपसिंह चौहान, मुख्य व्यवस्थापक भगवानराम सैनी के अलावा किशन सैनी, जवरीलाल गहलोत सहित सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित थे।





# नगर पालिका रतनगढ़ में टाऊन हॉल ओडिटोरियम भवन का लोकार्पण

रतनगढ़। चूरू जिले के रतनगढ़ कस्बे में 9 जुलाई के एक भव्य समारोह के साथ नगरपालिका द्वारा बनवाये गये भव्य 'भजन' पं. दीनदयाल उपाध्यक्ष टाउन हॉल ओडिटोरियम' भवन का लोकर्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्री शिव भगवान कम्मा (सैनी) की अध्यक्षता में हुए समारोह के मुख्य अतिथि श्री राजकुमार रिणवा स्थानीय विधायक एवं खान, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री थे जबकि विशिष्ट अतिथि श्री राधेश्याम महावर (सैनी) भामाशाह राजलदेसर थे। नवनिर्मित टाउन हॉल का लोकर्पण राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्रसिंह राठौड़ ने नाम पट्टिका का अनावरण करकर किया। युवा जिला पुलिस अधीक्षक श्री राहुल बारहठ तथा नगर पालिका रतनगढ़ की अधिशाषी अधिकारी श्रीमति पूर्णिमा यादव भी मंच पर विराजमान थे। समारोह में बड़ी संख्याय में उपस्थित स्थानीय नागरिकों के साथ चूरू एवं सीकर जिले के विभिन्न कस्बों से पधारे लोग भी उपस्थित थे।

450 कुसियों वाला सिनेमा हाल टाइम उतार चढाव वाली सीढ़ियों वाला एवं लम्बे चौड़े मंच वाला यह भव्य हॉल एयरकण्डीशंड बना है। नगर पालिका रतनगढ़ द्वारा बनवाया गया यह टाउन हॉल 1 करोड़ 60 लाख रूपयों की लागत से बना है। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## नगर पालिका अध्यक्ष शिवभगवान कम्मा का हुआ अभिनन्दन

पं. दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल ऑडिटोरियम के लोकर्पण समारोह के अवसर पर नगरपालिका रतनगढ़ (चूरू) के लोकप्रिय अध्यक्ष श्री शिवभगवान कम्मा का भव्य नागरिक अभिनन्दन किया गया। पूर्व में श्रीमति संतरा कम्मा धर्मपत्नी श्री शिवभगवान कम्मा द्वारा अपने नगरपालिका अध्यक्षता काल में शुरू करवाये गये टाउन हॉल का पूर्ण निर्माण करवाकर लोकर्पण करवाने का कार्य श्री शिव भगवान कम्मा के अध्यक्षता काल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पति-पत्नी दोनों का सम्मान किया गया। समारोह में विशेष बात यह देखने में आई कि शिव भगवान द्वारा नगर में पक्षपात रहित रूप से बड़ी मात्रा में करवाये गये विकास कार्यो के लिये भाजपा, कांग्रेस दलों के तथा निर्दलीय आदि सभी पार्षदों ने मिलकर सामूहिक रूप से कम्माजी का अभिनन्दन किया। सदन में विपक्ष के नेता कांग्रेसी पार्षद श्री मनीष मेघवाल ने कम्माजी को साफा बांधा। रतनगढत्र के प्रजापति समाज की संस्था के पदाधिकारियों ने भी शॉल, साफा ओढ़ाकर तथा गणेशजी का बड़ा चित्र भेंट करवर अध्यक्ष जी का अभिनन्दन किया।

राजस्थान के मंत्रियों श्री राजेन्द्र राठौड तथा श्री राजकुमार रिणवा ने भी अपने भाषाणों में कम्माजी के स्वभाव, व्यवहार एवं विकास कार्यो की सराहना की।

# डॉ. जी. एल वर्मा बने सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रदेश अध्यक्ष





जयपुर। बांरा में आयोजित वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम राजस्थान को आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में फोरम के मार्गदर्शक मण्डल के वरिष्ठ सदस्य डॉ. जी. एल. वर्मा को सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष डॉ. वर्मा को राष्ट्रीय संयोजक सुभाष सैनीने बधाई देते हुए माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भभूतराम सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीता भाटी, महामंत्री राजेश सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री शंकरलाल सैनी, वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट अनुभव चंदेल सहित प्रांतीस कार्यकारणी के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे। नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि फोरम की शाखा देश के प्रत्येक राज्य में विस्तार करने के लिए यह निर्णय लिया गया है ताकि सुभाष सैनी अन्य राज्यों में भी फोरम का विस्तार कर सके।

फोरम के राष्ट्रीय संयोजक सुभाष सैनी ने बताया कि मजबूत व श:सक्त व्यक्ति के रूप में डॉ. वर्मा का आज बांरा अधिवेशन में निर्वाचन हुआ है। इनके निर्वाचन से संगठन के कार्यो को गति एवं मजबूती मिलेगी। डा. वर्मा के प्रदेशाध्यक्ष चुने चाने के अवसर पर माली समाज के विभिन्न संगठनों ने हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके नेतृत्व में संस्था द्वारा समाज के सर्वागिंण विकास हेतु कार्य कर समाज को आगे बढ़ायेगी। माली सैनी संदेश परिवार डॉ. वर्मा को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके नेतृत्व में संस्था के नये आयाम स्थापित करने की मंगल कामना करता है।

# माली समाज शिवगंज द्वारा आयोजनों पर फिजूल खर्च नहीं करने का लिया फैसला

शिवगंज। माली समाज (पांच पगरना) कुंडाल, शिवगंज, सतवीस, बारी व आठ गांव के प्रतिनिधियों की बैठक रविवार को भक्त लखमीदास मंदिर परिसर स्थित धर्मशाला में सामुहिक विवाह आयोजन समिति के अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समाज सुधार के प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज को फिजूल खर्ची पर रोक लगानी चाहिए। इसके लिए पूर्व में जो प्रस्ताव पारित किए गए उन्हें अब लागू करना चाहिए।

बैठक में सामूहिक विवाह आयोजन समिति के संरक्षक चुन्नीलाल परिहार, उपाध्यक्ष सुंदेशा, कोषाध्यक्ष गणेश भाटी, पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल माली, चुन्नीलाल माली, माली समाज शिवगंज के अध्यक्ष मांगीलाल गहलोत, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल गहलोत, भाजपा नगरध्यक्ष प्रकाश भाटी, पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल परिहार, पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल परिहार, पूर्व व्याख्याता छोगाराम भाटी, नारायणलाल चौधरी, भंवरलाल माली, मोहनलाल परिहार, त्रिकमाराम, छगनलाल सोलंकी, हंसाराम परिहार, हिम्मतराम परमार, पुखराज माली, भंवरलाल परिहार, जोधाराम माली, भेराराम माली, ताराराम परिहार, मंछाराम और पालडी जोड़ के सेसाराम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

बैठक में समाज के पंचों ने मृत्युभोज, विवाह, सगाई, दस्तुरी, गौणा, ढूँढोत्सव, गृह प्रवेश समेत विभिन्न सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में अनावश्यक खर्च नहीं करने का निर्णय लिया है। सड़कों पर बंदोली निकालने एवं डीजे लगाने की मनाई है एवं विभिन्न आयोजनों में परिजनों के अलावा अन्य सगे संबधियों को कपड़े देने के बजाय नकद राशि तय की गई है। यहीं नहीं बैठक में लिए निर्णयों



की पालना कराने की जिम्मेदारी प्रत्येक परगना को सौंपी गई। बैठक में लिए निर्णयों का प्रकाशन कर पंचों को उपलब्ध कराने के लिए परगनावार पांच पांच सदस्यों को अधिकृत यिका है।

बैठक में कुंडाल, शिवगंज, सत्तावीश गांव, आ गांव व बारी परगना के पंचों ने भाग लिया। बैठक में पूर्व आयुक्त शंकरलाल गहलोत ने अपने उद्‌बोधन में एकता पर जोर देते हुए कहा कि संगठित रहकर समाज को प्रगति की ओर बढ़ाया जा सकता है। सामूहिक विवाह आयोजन सेवा समिति के अध्यक्ष श्री भंवरलाल देवड़ा ने फिजुल खर्च रोकने के साथ बालक-बालिकाओं को उच्च शिक्षण दिलवाने पर जोर दिया। बैठक में संचालन मोहनलाल माली ने किया।

फूलमाली समाज हाथीपोल शाखा संस्थान, उदयपुर द्वारा आयोजित

# स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर संपन्न






उदयपुर। फूलमाली समाज हाथीपोल शाखा संस्थान, उदयपुर द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले जयन्ती के उपलक्ष में स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर, दिनांक 12 अप्रैल 2015, रविवार, समय: प्रात: 11 से सांय 6 बजे तक नंदभवन, 100-फीट रोड, खाराकुँआ, उदयपुर पर आयोजित किया गया । शिविर का शुभारम्भ फूलमाली समाज, हाथीपोल शाखा संस्थान अध्यक्ष-श्री दौलतराम मोरी, उपाध्यक्ष-श्री मोहनलाल बड़ीवाल, मन्त्री-श्री गौरीशकर तंवर, सयुंक्त मन्त्री-श्री हेमराज चाँगवाल, श्री हीरालाल चावडा, श्री मोहनलाल तंवर, श्री घनश्याम तंवर एवं श्री दिनेश भभीवाल ने महात्मा ज्योतिबा फूले को माल्यापर्ण कर किया । इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री दौलतराम मोरी व श्री दिनेश भभीवाल ने महात्मा ज्योतिबा फूले के विचारो पर प्रकाश डाला व समाज में इस प्रकार के चिकित्सा एवं परामर्श शिविर की उपयोगिता को बताया ।

इस विशाल शिविर में 58 समाजबन्धुओं जिसमें अधिक से अधिक युवाओं व महिलाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान में पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया तथा साथ ही अन्य लोगो को रक्तदान के लिये प्रेरित किया व रक्तदान की महत्रा को समझाया । शिविर मे महिलाओं व बजुर्गो की उपस्थिति काफी संख्या में रही व रक्तदान किया । विशेष तौर पर युवाओं ने रक्तदान में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर साबित किया की उनकी मजबुत भागीदारी समाज की प्रगति में कितनी महत्वर्पूण है।

शिविर में R.N.T. मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के ब्लड विभाग के इन्चार्ज डॉ. वंदना छाबड़ा, डॉ.जाग्रति, डॉ.ज्योति, सहायक-श्री कमलचन्द वीरवाल एवं उनकी टीम ने इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में पूरा सहयोग किया व नंदभवन प्रागंण में रक्तदान के लिये विभाग की और से वातानुकूलित बस पूरा दिन तैनात रही । शिविर में पधारें गाईनोकोलोजिस्ट-डॉ.रुपा शर्मा, आर्युवेद-डॉ.हंसलता परमार व डॉ.भवंरलाल माली एवं डॉ.रमाकान्त माली ने समाज के लागो को विभिन्न प्रकार की चिकित्सा एवं परामर्श सेवाएँ जिसमें शुगर जांच, ब्लड प्रेशर ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन आदि बिमारियों के बारे में अमूल्य जानकारी दे कर मार्गर्दशन दिया । कार्यक्रम समन्वयक-लोकेश नारायण मोरी व किशन माली ने शिविर की व्यवस्थाओं व संचालन को पूर्णरुप से व्यवस्थित किया । समाज के अन्य गणमान्य व व्यावसायिक बधुओं ने शिविर में अलग-अलग प्रकार की व्यवस्थाओं से शिविर को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान की।

अन्त में उपाध्यक्ष-श्री मोहनलाल बड़ीवाल व कार्यक्रम समन्वयक ने समाज में इस प्रकार के महत्वपूर्ण शिविरों की उपयोगिता को बताया व समय-समय पर ऐसे शिविरों को आयोजित किये जाने का प्रण लिया । युवाओं को पूर्णनिष्ठा व जिम्मेदारी के साथ अपने योगदान के लिये आग्रह व समाज के प्रति जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का पालन करने के लिये प्रेरित किया । समाज में इस प्रकार के महत्वपूर्ण शिविर के सफल आयोजन के लिये हर सम्भव सहयोग के लिये समाज बधुंओं का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## धर्मसिंह सैनी लोक लेखा समिति के तीसरी बार चेयरमैन बने

सहारनपुर। बसपा के पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री व नकुड़ विधायक डा. धर्मसिंह सैनी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लोक लेखा समिति का तीसरी बार लगातार चेयरमैन बनाया गया है।

बसपा के नकुड़ विधायक डॉ. धर्मसिंह सैनी पहले भी दो बाद समिति के चेयरमैन रह चुके हैं इस बार उन्हें तीसरी बार लोकलेखा समिति का चेयरमैन बनाया गया है। आज उनके आवास पर कार्यकर्त्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और कहा कि डॉ. धर्मसिंह सैनी विकास पुरूष हैं जिन्होंने सरकार में रहते हुए सहारनपुर में सबसे अधिक विकास कराया है और अभी लगातार क्षेत्र में विकास कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर धर्मसिंह का फूलमालाओं से जमकर स्वागत किया गया। सभी सर्मथकों ने उन्हें कधें पर उठा कर उनके निवास तक काफिले के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रबुद्ध लोगों ने धर्मसिंह सैनी का स्वागत कर बधाई प्रेषित की।

## एकजुटता से ही सामाजिक बुराइयां हो सकती खत्म, धर्मशाला के लिए जमीन दिलाने का आश्वासन

# शिक्षा पर जोर दे सैनी समाज : नायबसिंह



पानीपत : सैनी समाज की ओर से शनिवार को गंगापुरी रोड स्थित एक गार्डन में सम्मान समारोह को आयोजन किया गया। इसमें नारायणगढ़ के विधायक नायबसिंह सैनी और लाडवा के विधायक डॉ. पवन सैनी का अभिनंदन किया गया। इस दोरान सैनी समाज ने विधायकों के सामने धर्मशाला के लिए जगह दिलाने की मांग रखी, जिस पर विधायकों ने प्रशासन व सरकार से बातचीत करके धर्मशाला के लिए जगह दिलाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। विधायक नायब सैनी ने कहा कि हमें एकजुटह होकर सामाजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास करना होगा, तभी हमारा समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकेगा। एकजुटता से ही सामाजिक बुराइयों को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज समय तेजी से बदल रहा है। शिक्षा समय की सबसे बड़ी मांग है। शिक्षा के बिना कोई भी व्यक्ति जीवन में सफल नहीं हो सकता। इसलिए हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिखानी होगी। शिाा के दम पर ही आदमी बुलंदियों को छू सकता है। सैनी समाज के लोगों ने धम्रशाला की जगह के लिए जो मांग रखी है, उसके लिए प्रशासन और सरकार से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के लिए 24 घंटे मेरे दरवाजे खुले है। कोई भी व्यक्ति आकर अपनी समस्या बता सकता है। उनकी समस्या का दूर कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

विधायक पवन सैनी ने कहा कि मेरी टिकट का आधार सैनी समाज है। लाडवा सैनी बाहुल्य हलका है। इसलिए भाजपा ने मुझे नहीं, बल्कि सैनी समाज को टिकट दी थी।

समाज ने भी उनका पूरा साथ दिया और समाज की बदौलत ही विधायक बने है। समाज ने जो जिम्मेदारी उनको सौंपी हैं, उसको इमानदारी से निभाऊगा। होनहार कभी बेरोजगार नहीं हो सकता। इसलिए बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे। आगे बढ़ने के लिए राजनीति में हिस्सेदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज ने उनका अभिनंदन किया है और हम समाज का सम्मान करते है।

इस दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एडिशनल एडवोकेट जरनल प्रीतम सैनी को भी सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता थर्मल के एसई हरजीत सैनी ने की। पंजाब नेशलन बैंक के एलडीसम भूपसिंह सैनी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच का संचालन सीए, गोविंद सैनी ने किया। इस अवसर पर प्रमोद सैनी, एडवोकेट रामभज सैनी, आरएल सैनी, सुभाष सैनी एडवोकेट, पवन सैनी, सुरेश सैनी, प्रेम सैनी, इंद्र सैनी, रामकुमार सैनी, मेनपाल सैनी, अतरसिंह सैनी, एडवोकेट रीपिपाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

**भ्रूणहत्या रोकने पर दिया जोर :** सैनी समाज के दोनों विधायकों ने भ्रूणहत्या को खत्म करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा है कि जब तक हम भ्रूणहत्या पर अंकुश नहीं, लगाएंगे तब तक समाज का आगे नहीं बढ़ सकता। कन्या भ्रूण हत्या को खत्म करने के लिए समाज को अभिवान चलाना होगा। युवाओं को एकजुट करके भ्रूणहत्या रोकने लिए प्रेरित करें, ताकि समाज से भ्रूणहत्या खत्म हो सके।

**सुख-दुख में बने भागीदारी :** सैनी समाज विकास संगठन प्रमोद सैनी व राष्ट्रीय सैनी पंचायत जिलाध्यक्ष रामभज सैनी ने कहा कि बंसीलाल सरकार में सैनी समाज से दो विधायक बने थे और उन्हें मंत्री भी बनाया गया। अब फिर सैनी समाज से दो विधायक बने है। सरकार से इन्हें मंत्री बनाने की मांग उठाई जाएगी। इन्हें सुख-दुख में भागीदार बनना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. रामकुमार सैनी, जसविंद्र सैनी, जयसिंह सैनी, पार्षद सतीश सैनी, राधेश्याम सैनी, जयसिंह सैनी, इंद्र सैनी, डॉ. मेहरचंद सैनी, कर्मवीर सैनी, रामकुमार सैनी, राजेंद्र सैनी, जयकुंवार सैनी, डॉ. सतीश सैनी, सुरेश सैनी, राजेंद्र सैनी व धर्मवीर सैनी भी मौजूद रहे।

# स्व संतरा देवी की स्मृति में चिकित्सा शिविर का अयोजन

लक्ष्मणगढ़। स्वर्गीय श्रीमती संतरा देवी बागड़ी की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर सैनी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धाजंजि दी गई। इस मौके पर उपस्थित महानूभावों ने श्रीमती संतरादेवी द्वारा किये गये कार्यो की भूरी भूरी प्रंशसा की।

श्री बाबूलाल सैनी ने संतरादेवी आनंदीलाल बागड़ी मेमोरियल सेवा संस्थान द्वारा भविष्य में किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।,

समारोह की अध्यक्षता प्रवासी उद्योगपति श्री अनिलकुमार बागड़ी, मुख्य अतिथि नगरपलिका अध्यक्ष दिनेश जोशी, विशिष्ठ अतिथि समाज के अध्यक्ष श्री भगवानदत्त सैनी, पूर्व अध्यक्ष श्री बनवारीलाल, राधेश्याम टाक, रामगढ़ के समाजसेवी श्री पृथ्वीराज माली, लक्ष्मणगढ़ के समाजसेवी श्री पवन, विशिष्ठ अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। प्रांरभ में समाज के महामंत्री एडवोकेट सज्जन सैनी ने स्वागत भाषण, पत्रकार श्री बाबूलाल सैनी ने मेडिकल शिविर के बारे में जानकारी दी। संचालन महेन्द्र माली ने किया। आभार सज्जन माली ने जताया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजसेवी एवं गणमान्यजनों ने उपस्थित रहकर श्रृद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर मणीपाल अस्पताल की टीम ने 123 रोगियों की जांच कर उपचार किया। शिविर में फिजीशियन, दंतरोग विशेषज्ञों ने अपनी नि:शुल्क सेवा प्रदान कर ईलाज किया। इस शिविर में ई. सी. जी., ब्लड शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। कार्यक्रम के अंत में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम आजाद व पंजाब में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए एसपी बलजीतसिंह सैनी, को श्रृद्धांजलि अपिर्तत की गई। प्रारंभ में सभी ने श्रीमती बागड़ी को दो मिनट मौन रख कर श्रृद्धांजलि दी। इससे पूर्व बागड़ी हाऊस में सुंदरकाण्ड का संगीतमय आयोजन किया गया।

# सैनी योग डॉट कॉम की गिफ्ट वॉउचर की अनोखी योजना



अजमेर। सैनी योग डॉट कॉम द्वारा लान्च की गई निशुल्क वेबसाइड के माध्यम से माली सैनी समाज बन्धुओ का परस्पर रिश्ते होने पर / सगाई होने पर अथवा नवीन रिश्ते में बंधने पर, इन युवक / युवतियों एवं इनके परिवार के लोगो की खुशियों में वृद्धिकरने की मंशा से सैनी योग डॉट कॉम द्वारा एक गिफ्ट वाउचर स्कीम की सौगात नव दम्पतियो को दी है। इसके अन्तर्गत गिफ्ट वाउचर" स्कीम द्वारा सगाई होने वाले वर / वधु को निर्धारित राशि का डिस्काउन्ट वॉउचर दिया जा रहा है जिससे निर्धारित आंवटित दुकानों से खरीददारी किये जाने डिस्काउन्ट राशि का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसमें लगभग 2000 से 2500 हजार रूपये तक के भिन्न भिन्न राशि के डिस्काउन्ट कूपन भिन्न भिन्न वस्तुओ के खरीदने पर उपलब्ध कराये गये है, जिससे संबंधित वर / वधु अपनी आवश्यकतानुसार खरीददारी कर सकते है।

इस योजना में फागुन साडीज, हरारा, स्मार्ट आउटफीट, स्वामी फल एण्ड कैटर्स, साई कैटर्स एवं प्रकाश फोटो स्टेटस आदि के डिस्काउन्ट वाउचरर्स उपलब्ध कराये गये है। इसके द्वारा सर्व प्रथम श्री लक्ष्य संग पूजा तत्पश्चात् राकेश संग नेहा, नवीन संग पूजा सूईवाल, धनेश संग वर्षा सांखला, मनोज संग अमृता डारीवाल, निखिल संग अंशु पंवार, दीपेश संग गीतांजली एवं कुनाल संग मनीषा का रिश्ता तय हुआ। जिन्हे ये गिफ्ट केश वाउचर बंधाएयों के साथ उन्हे दिया गया। गिफ्ट केश वाउचर स्कीम के डिस्काउण्ट कार्ड के संयोजक सतीश कुमार सैनी द्वारा सभी सफल विवाह में बधंने वाले जोडो को प्रदान कर अपने आपको गोरवांविन्त महसूस किया एवं उक्त योजना से लाभान्वित परिवारो द्वारा स्वागत किया गया। जैसा कि आप सभी समाज बंधुओं को विदित है कि सैनी योग डाट काम द्वारा सैनी समाज हेतु एक निशुल्क मेट्रोमोनियल वेबसाइड प्रस्तुत कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज की इस निशुल्क मेट्रोमोनियल वेबसाइड पर युवक / युवतियों द्वारा बायोडाटा निरन्तर आज भी अपलोड हो रहे है इसकी संख्या दिनो दिन बढती जा रही है। जिसका समस्त श्रेय समाज बंधुओं को जाता है।

यह एक समाज के लिये नि:शुल्क इलेक्टोनिक प्लेटफार्म है जिसका समाज अपनी सुविधानुसार उपयोग कर रहा है। उक्त संस्था द्वारा पूर्व में भी एक विशाल निशुल्क हाईटेक परिचय सम्मेलन 11 जनवरी 2015 को आयोजन किया था तत्पश्चात् एक रोजगार मेले का आयोजन दिनॉक 1 मार्च 2015 को कर समाज के लोगो को स्वरोजगार उपलब्ध कराया। संस्था द्वारा किये गये कार्यो को समाज द्वारा सहयोग कर नई उचाँईयों पर पहुँचाया गया।

नि:शुल्क मेट्रोमोनियल साईड के द्वारा यदि रिश्ते तय होते है तो सैनी योग डॉट कॉम की पूरी टीम बधाई देती है ओर सभी समाज बंधुओं से निवेदन है कि यदि आपके परिवार में रिश्तेदारों में मित्र गण में यदि कोई रिश्ते तय होते है तो इसकी सुचना सैनी योग डॉट कॉम के आफिस अथवा सयोंजक सतीश सैनी के मोबाईल नम्बर 9829072486 पर अवश्य दें और ईनामी योजना का लाभ उठावें एवं इस मेट्रोमोनियल की जानकारी अधिक से अधिक सभी समाज बंधुओं को देवे। जिससे अधिक से अधिक परिवार लाभावन्वित हो सके। सभी समाज बंधुओं से निवेदन है कि आप अपने अविवाहित युवक युवतियों के बायोडाटा sainiyog.com पर अपलोड करे ताकि अधिक से अधिक समाज बंधुओं को लाभ प्राप्त हो सके।

# दिल्ली सैनी सभा की आमसभा संपन्न




दिल्ली। 5 जुलाई 2015 को पूर्वी दिल्ली सैनी सभा की जरनल बोडी मीटिंग दिलशाद गार्डन, गौरीशंकर मन्दिर धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में महासचिव श्री शिवराज सैनी ने किये गये कार्यो के बारे में रिपोर्ट पेश की तथा राकेश सैनी, कोषाध्यक्ष ने आय व्यय का ब्यौरा दिया।

सभा के प्रधान श्री ग्यारसीलाल सैनी (जी.एल.सैनी.) ने मुख्य कार्यो का वर्णन करते हुए कहा इस समय इस सभा का मुख्य कार्य कार्यालय भवन की व्यवस्था कराना है। सभा के चुनाव कराने के लिए सर्व समिति से श्री रामनारायण चौहान, महासचिव महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान तथा श्री कांशीराम सैनी, एडवोकेड को नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारियों की देख-रेख में सर्व-सम्मिति से चुने गये। जी.एल.सैनी (प्रधान), श्री शिवराज सैनी (महासचिव), राकेश सैनी (कोषाध्यक्ष) शेष पदों के लिए प्रधान को अपनी टीम अगली मासिक बैठक में घोषित करने का अधिकार दिया गया। प्रधान जी. एल.सैनी ने निम्नलिखित पदाधिकारियों की इसी सभा में घोषणा की वरिष्ठ उप-प्रधान-श्री रमेशकुमार सैनी, महिला विंग चेयर पर्सन-श्रीमति मुनेश रानी सैनी, महिला विंग उप-चेयर पर्सन-श्रीमति गीता सैनी पुन: प्रधान चुने गई।

श्री ग्यारसीलाल सेनी ने अपने समस्त बंधुओं का धन्यवाद किया और कहा आप सभी भाइयों ने मुझमें और मेरे साथियों में जो शतप्रतिशत विश्वास व्यक्त किया है उसको बनाये रखने में हम आपकी अपेक्षा के अनुरूप कार्य करेगें। मे श्री रामनारायण चौहान, और श्री कांशीराम सैनी का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने अपना अमूल्य समय देकर चुनाव कराया।

# संक्षिप्त समाचार

**आई.ए.एस. अधिकारियों के हुए तबादले**

राज्य सरकार ने निम्नांकित आई.ए.एस. अधिकारियों को तबादला कर इन पदों पर भेजा है–

1. **श्री ओम प्रकाश सैनी**

आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

2. **डॉ. पृथ्वीराज सांखला**

निदेशक राजय बीमा एवं प्रावधामी निधि, जयपुर

**सेना में बने लेफ्टिनेन्ट**

निम्नांकित युवकों को ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी, गया (बिहार) में एक वर्षीय प्रशिक्षण के बाद भारतीय सेना लेफ्टिनेन्ट पद पर नियुक्ति मिल गई है।

1. **राकेश सैनी पुत्र स्व. सांवरमल कटारिया**

वार्ड नं. 25, फतेहपुर शेखावाटी (सीकर)

2. **संदीप सैनी पुत्र श्री बलदेव प्रसाद सैनी**

रामपुरा (खण्डेला) जिला–सीकर

**कु. चन्द्रकान्ता सैनी को मिला 7 लाख रूपयों का पैकेज**

सीकर। कल्याण सर्किल के पास, रानी महल के नीचे 'सिंगोदि ट्रेडिंग कम्पनी' चलाने वाले श्री भंवरलाल सिंगोदिया की पुत्र कु. चन्द्रकान्ता सैनी को गुड़गांव की रिपी फाई (आर.आई.पी.ई.एफ.आई.) कम्पनी में 7 लाख रूपये वार्षिक के पैकेज में इंजीनियर की सर्विस मिल गई है। आई.आई.टी खड़गपुर (बंगाल) से कम्प्यूटर साइंस में एम.टेक. की हुई कु. चन्द्रकान्ता ने 1 जुलाई 2015 को कार्यग्रहण कर लिया है।

**महेन्द्र कुमार सैनी बने डाइट बीकानेर के प्रधानाचार्य**

सीकर। शेखपुरा मौहल्ला निवासी श्री महेन्द्र कुमार सैनी (सिंगोदिया) का स्थानान्तरण डाइट बीकानेर में प्रधानाचार्य पद पर हुआ है। श्री महेन्द्रकुमार सैनी की गणना कुशल प्रशासकों में होती है। धोद जिला सीकर की कामरेड़ों के प्रभाव वाली पंचायत समिति में लम्बे समय तक बी.ई.ई.ओ. पद का सफलता पूर्वक सैनीजी ने कार्य किया है।

**युवक रवि मोहन सैनी बनेंगे गुजरात में एस.पी.**

अलवर (राजस्थान)। के एम.बी.बी.एस. योग्यता प्रापत युवक रवि मोहन सैनी का आई.पी.एस. का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है। भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2013 में सफल आई पी.एस.सैनी को गुजरात कैडर प्रदान किया गया है।

**शीला सैनी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष**

जयपुर। श्रीमति शीला सैनी को जयपुर शहर महिला कांग्रेस का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष शकुंतला रावत ने प्रदेश भर में नई कार्यकारिणी घोषित की हैं।

**सांवर परिहार बने सचिव**

तिंवरी(जोधपुर)। राजस्थान प्रदेश युवक कांग्रेस के पाली लोकसभा युवा कांग्रेस की घोषित पदाधिकारियों की सूचि में बालरवा के सांवर परिहार को सचिव मनोनित किया गया है।

**विश्वविद्यालय कुलपति सैनी ने दिया त्यागपत्र**

अलवर। राजर्षि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर के कुलपति प्रो. एम. आर. सैनी ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। संभवत: बदली हुई राजनीतिक स्थितियों में उन्हें ऐसा करना पड़ा है।

**उषा सैनी को आयुर्वेद विश्वविद्यालय में मिला चतुर्थ स्थान**

पिलानी (झुंझुनूं)। शेखावाटी आयुर्वेद महाविद्यालय, पिलानी की छात्रा उषा सैनी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा आयोजित बी.ए.एम.एस. द्वितीय वर्ष परीक्षा में अपने महाविद्यालय में चतुर्थ स्नान प्राप्त किया है।

**मंजुबाला बनी व्याख्याता स्कूल शिक्षा**

ब्यावर। कस्बे के प्रसिद्ध समाजसेवी श्री लालचन्द बागड़ी की पुत्री मंजुबाल बागड़ी द्वितीय श्रेणी शिक्षिका से पदोन्नत होकर अब प्राध्यापक (विद्यालय शिक्षा) बन गई है। राजकीय डिग्गी गर्ल्स सी. सै. स्कूल में सन् 1995 से सेवा कर रही मंजुबाला राजनीति विज्ञान एवं समाज शास्त्र में एम.ए., बी.एड. एवं एम.एड हैं। आपको सेवारत विद्यालय में ही व्याख्याता बनाया गया है।

**दीन दयाल बने अध्यक्ष तथा मोती लाल मंत्री**

फतेहपुर। महात्मा ज्योतिराव फुले संस्थान फतेहपुर की आम सभा 19 जुलाई को हुई। इसमें सर्वसम्मति से दीनदयाल भभेवा को अध्यक्ष तथा मोती लाल पापटवाण को मंत्री चुना गया। इन्हें पूरी कार्यकारिणी का गठन करने का अधिकार दिया गया। बुक बैंक की स्थापना करने तथा रक्तदान शिविर लगाने का भी निर्णय लिया गया है।

**माली समाज नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी का गठन**

जालोर। माली समाज नवयुवक मंडल की आम बैठक भक्त लिखमीदास धर्मशाला में अध्यक्ष भंवरलाल सांखला की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें अध्यक्ष सांखला की ओर से नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में 8 जुलाई को संत लिखमीदास महाराज की जयंती पर कार्यक्रम आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई।

**सांखला मंडल अध्यक्ष मनोनीत :** मंडल की नवीन कार्यकारिणी में जवानाराम परिहार, जसाराम सुंदेश व हुकमीचंद सुंदेशा संरक्षक व भंवरलाल गवाजी सांखला को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं राजूराम सोलंकी, शंकरलाल खेताराम, तेजाराम कपूराराम व ओमप्रकाश रतनराम सुंदेशा को उपाध्यक्ष, बाबूलाल हड़मताराम टांक कोषाध्यक्ष, मोहनलाल खीमाराम सुंदेशा सहकोषाध्यक्ष, मंगलाराम खसाराम सांखला सचिव, सुरेश समरथाराम सोलंकी सहसचिव व विक्रम कुमार मिश्रीमल सोलंकी, भंवरलाल नेनाराम सुदेशा, महेंद्रकुमार प्रताप सोलंकी, मोहनलाल समेलाराम गहलोत, पुखराज हीराराम सुंदेशा व समेलाराम हड़मताराम सोलंकी को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। इसी प्रकार नवीन कार्यकारिणी में सांस्कृतिक मंत्री, विधि सलाहकार, प्रचरा मंत्री व मनोनीत सदस्यों का चयन किया गया।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा


श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर


श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गों की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

**सदस्यता राशि**

| दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

*अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।*

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

**क्योंकि**

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |


BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# हार्दिक बधाई



हरियाणा के राज्यपाल समाज के विधायक श्री नायबसिंह सैनी को राज्य मंत्री की शपथ दिलाते हुए



श्री स्वामी प्रसाद मौर्य

## श्री स्वामी प्रसाद मौर्य

**उत्तर प्रदेश विधान सभा में विरोध दल के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

**पीपाड़ में समाज के आर.ए.एस. में चयनित परसराम टाक एवं अमृतलाल टाक के सम्मान में आयोजित समारोह की झलकियां**












स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष गहलोत के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR